Alpviram

WINDERGY India 2017 successfully concludes in Delhi

Date: 02/05/2017 | Edition: Ahmedabad | Page: 7 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 6 H: 7

India Media Monitor

विंडएर्जी इंडिया 2017 दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न

विंडएर्जी इंडिया 2017 आज राजधानी में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस दो दिवसीय अंतरराश्ट्रीय सम्मेलन तथा तीन दिवसीय अंतरराश्ट्रीय प्रदर्षनी ''विंडएर्जी इंडिया 2017'' में पवन ऊर्जा उद्योग की उत्साही भागीदारी देखी गई।

अपनी तरह की इस पहली प्रदर्षनी में 10 से अधिक देषों से आए 150 से भी ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विंडएर्जी इंडिया के पहले संस्करण को पवन ऊर्जा उद्योग का प्रमुख मंच बनाने के मकसद से जानी मानी हस्तियों ने इसमें भाग लिया। इस मौके पर श्री सुमंत सिन्हा, चेयरमैन एवं सीईओ-रीन्यू पावर; श्री तुलसी आर तांती, सीएमडी, सुज़लान ग्रुप; श्री रमेष कैमल, सीएमडी-गमेसा रीनुएबल्स प्रा लिमि; श्री मधुसूदन खेमका, एमडी-रीजेन पावर टैक प्रा लिमि और श्री सर्वेष कुमार, प्रेसीडेंट एवं सीओओ, आरआरबी एनर्जी लिमि तथा चेयरमैन, आईडब्ल्यूटीएमए; श्री चिंतन षाह, प्रेसीडेंट एसबीयू, सुज़लान ग्रुप एवं वाइस चेयरमैन, आईडब्ल्यूटीएमए तथा जीडब्ल्यूईसी सेक्रेटरी जनरल श्री स्टीव सॉयर भी उपस्थित थे।

प्रदर्षनी में दुनियाभर के पवन ऊर्जा उद्योग से जुड़े दिग्गजों ने नवीनतम उत्पादों तथा सेवाओं का प्रदर्षन किया।

इस अवसर पर 'इंडियन विंड एनर्जी आउटलुक' को भी जारी किया गया जिसे आईडब्ल्यूटीएमए तथा जीडब्ल्यूईसी और ग्लोबल विंड एनर्जी आउटलुक बाय जीडब्ल्यूईसी ने संयुक्त रूप से तैयार किया है। इसे सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर जारी किया गया। (16)